Regarding pending Road construction work from Megathane Bus depot to Jogeshwari Vikoli Link Road

श्री गजानन कीर्तिकर **(मुम्बई उत्तर पश्चिम) :** सर, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।

सर, मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र मुंबई उप-नगर में आने वाले बोरेवली के मागाठाने बस डिपो से लेकर जोगेश्वरी विकोली लिंक रोड को जोड़ने वाला रास्ता करीब-करीब पूरा हो चुका है। इस रास्ते में केवल 38 मीटर का छोटा सा भाग संजय गांधी नेशनल पार्क से गुजरने के कारण और इसे बनाने के लिए भारत सरकार के वन और पर्यावरण मंत्रालय से अनुमति न मिलने के कारण इस 38 मीटर रोड का काम पिछले आठ वर्षों से अधूरा पड़ा है।

सर, मुंबई में ट्रैफिक जाम की बहुत तकलीफ रहती है। उसके लिए यह पैरलल रोड बनाई गई थी। जब यह पैरलल रोड बनेगी, तो ट्रैफिक जाम 25 प्रतिशत कम हो जाएगा, इतना इस रोड का महत्व है।

सर, मैं आपके माध्यम से संबंधित मंत्री महोदय से विनती करता हूं कि इस महत्वपूर्ण रोड के काम के लिए ?नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट? तुरंत जारी किया जाए, जिससे इस रोड का काम पूरा हो सके और मुंबई को ट्रैफिक जाम की समस्या से छुटकारा मिल पाए। आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।